2018-19

GOVT. DEGREE COLLEGE JAWALI
KANGRA (H.P.)
Estd. 2018
तमसो मा ज्योतिर्गमय

# राजकीय महाविद्यालय ज्वाली

जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रथम वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
के उपलक्ष्य पर मुख्यातिथि

## श्री अर्जुन सिंह ठाकुर

माननीय विधायक ज्वाली विधानसभा क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश

की अध्यक्षता में

दिनांक 26 फरवरी, 2019 को आयोजित

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2018-19

## 1 महाविद्यालय : संक्षिप्त परिचय

राजकीय महाविद्यालय ज्वाली का अस्तित्व 02.02.2018 को हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी द्वारा ज्वाली आम जनसभा में उद्घोषणा से हुआ। इसको मूर्त रूप हिमाचल सरकार की अधिसूचना संख्या EDN-A-Ka (1)-32-2007- Loose dated 14-05-2018 के साथ प्राप्त हुआ और 08.06.2018 को साकार रूप मिला।

वर्तमान में यह महाविद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्वाली के अतिरिक्त भवन में चल रहा है। इस सत्र में आरम्भ से महाविद्यालय में कला एवम् वाणिज्य विषय की कक्षाएं उपलब्ध हैं। यह महाविद्यालय ज्वाली एवम् इसके निकटवर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों को घर द्वार पर उच्च शिक्षा का सुअवसर प्रदान करता है।

महाविद्यालय के लिए भूमि चयन कार्य के लिए समिति का गठन हो चुका है और यह कार्य विचाराधीन है, जो शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस कार्य के लिए सरकार द्वारा 5 करोड़ रुपए का प्रावधान भी कर दिया गया है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में ही 284 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं जिसमें दो तिहाई छात्राएं हैं।

## 2.1 महाविद्यालय स्टाफ :-

महाविद्यालय ज्वाली की स्थापना के साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकार के आदेश से शिक्षक एवम् गैर शिक्षक वर्ग के पद सृजित किए गए हैं जिनका विवरण अधोलिखित है :

| क्रम संख्या | पद नाम | कुल स्वीकृत संख्या | रिक्त |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्राचार्य** | 01 | — |
| 2. | **शिक्षक वर्ग** | | |
| | कुल पद | 08 | — |
| | हिन्दी | 01 | — |
| | अंग्रेजी | 01 | — |
| | राजनीतिक शास्त्र | 01 | — |
| | अर्थशास्त्र | 01 | — |
| | इतिहास | 01 | — |
| | वाणिज्य | 02 | — |
| 3. | **गैर–शिक्षक** | | |
| | पुस्तकालय अध्यक्ष | 01 | 01 |
| | कार्यालय अधीक्षक | 01 | 01 |
| | वरिष्ठ सहायक | 01 | 01 (प्रतिनियुक्ति) |
| | लिपिक | 02 | 02 |
| | सेवादार | 05 | 03 (प्रतिनियुक्ति) |

## 2.2 स्थानान्तरण

इस सत्र के आरम्भ में राजकीय महाविद्यालय ज्वाली, जोकि नवीन संस्थान है में सभी सदस्य अन्य महाविद्यालयों एवम् संस्थाओं से स्थानान्तरित होकर आए है। सूची इस प्रकार है :–

| क्र. स. | नाम | विभाग | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. एन.एन शर्मा | प्राचार्य | हि.प्र. तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर (डीन एकेडमिक पद से ) |
| 2. | श्रीमती नीरू ठाकुर (सह–आचार्य) | हिन्दी | रा. महा. शाहपुर से |
| 3. | श्री अश्वनी शर्मा (सह–आचार्य) | अंग्रेजी | वजीर राम सिंह महा. देहरी से |
| 4. | श्री नीरज कुमार (सहायक आचार्य) | राजनीतिक शास्त्र | रा. महा. सुग भटोली से |
| 5. | श्री शशि कुमार (सहायक आचार्य) | वाणिज्य | वजीर राम सिंह महा. देहरी |
| 6. | श्री सुलक्षण कुमार (सहायक आचार्य) | इतिहास | आ. रा. महा. नूरपुर |
| 7. | श्रीमती सोनिका (सहायक आचार्य) | अर्थशास्त्र | वजीर राम सिंह देहरी से |
| 8. | सुश्री मधुबाला (सहायक आचार्य) | वाणिज्य | नव नियुक्त |
| 9. | श्री नवदीप कुमार (वरिष्ठ सहायक) | | डेपुटेशन (प्रति नियुक्ति) रा.व.मा.पा. ज्वाली |
| 10. | श्री केसर (सेवादार) | | रा.व.मा. पाठ. पलोड़ा |
| 11. | श्री सुदर्शन (सेवादार) | | रा. उ. पा. ताहलियां |
| 12. | श्रीमती स्वर्णा (सेवादार) (प्रतिनियुक्ति) | | रा.व.मा.पा. देहरा |
| 13. | श्री सुरजीत (सेवादार) (प्रतिनियुक्ति) | | रा. महा. धर्मशाला |
| 14. | श्री प्रीतम (सेवादार) (प्रतिनियुक्ति) | | रा.व.मा.पा. ज्वालामुखी |

## 2.3 महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या सत्र 2018-19 में

| क्रम संख्या | कक्षा | कुल | छात्र | छात्राएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. I | 214 | 68 | 146 |
| 2 | बी.काम. I | 70 | 26 | 44 |
| | कुल विद्यार्थी | 284 | 94 | 190 |

## 2.4 छात्रवृत्तियां सत्र 2018-19

उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली वार्षिक छात्रवृत्तियों संबंधी पूर्ण जानकारी मांग पत्र सहित महाविद्यालय से शिक्षा निदेशालय कार्यालय भिजवा दी गई है।

| क्रम सं. | छात्रवृत्ति | कुल छात्र | कुल छात्राएं | कुल विद्यार्थी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एस.सी. (अनुसूचित जाति) | 03 | 02 | 05 |
| 2 | एस.टी. (अनुसूचित जनजाति) | – | – | – |
| 3 | ओ.बी.सी.- (अन्य पिछड़ा वर्ग) | 02 | 02 | 04 |
| 4 | आई.आर.डी.पी. | – | 04 | 04 |
| 5 | कल्पना चावला | – | 01 | 01 |
| 6 | डा. आम्बेडकर | 01 | 01 | 02 |
| | | | | 16 |

## 3.1 शैक्षणिक क्षेत्र

महाविद्यालय शैक्षणिक क्षेत्र में प्रथम वर्ष में ही नए आयाम स्थापित करने हेतु वचनबद्ध है एवं प्रयासरत है। महाविद्यालय–हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त कर चुका है एवं समस्त स्नातक परीक्षाओं हेतु महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र भी उपलब्ध करवाया गया है। इस समस्त कार्य में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री सुलक्षण शर्मा तथा श्री शशि कुमार ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सत्र 2018–19 में गृह परीक्षाओं का आयोजन महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. शशि कुमार एवम् संयोजक प्रो. सुलक्षण कुमार, प्रो. सोनिका एवम् प्रो. मधु द्वारा किया गया।

गृह परीक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। हि. प्र. वि. वि. शिमला द्वारा अप्रैल–मई–2019 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में विद्यार्थी सराहनीय प्रदर्शन करेंगे ऐसी आशा करते हैं। वार्षिक परिणामों में गरिमापूर्ण प्रदर्शन हेतु महाविद्यालय ने छात्रों को अतिरिक्त कक्षाओं की सुविधा देने का प्रावधान भी किया है।

## 3.2 खेलकूद गतिविधियां: प्रतियोगिता (समन्वयक प्रो. अश्वनी शर्मा, प्रो. नीरज शर्मा)

(क) इस वर्ष महाविद्यालय की ताइकांडो टीम ने प्रो. शशि कुमार (वाणिज्य) के संरक्षण में रा. महा. ज्वालामुखी में हि.प्र. वि. वि. द्वारा आयोजित चतुर्थ अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया। टीम के

खिलाड़ी हैं :–

(1) रिंकी मन्हास 18 COM 059

(2) सुशील कुमार 18 POL 079

(3) विवके गुलेरिया 18 HIN 031

(4) अंकित पामबरा 18 HIS 069

(5) अविनाश 18 HIS 068

(ख) महाविद्यालय की प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 22.12.2018 को स्थानीय मकड़ान मैदान में करवाया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी, ज्वाली, श्री अरूण कुमार शर्मा मुख्यातिथि रहे और विशिष्ट अतिथि प्रो. अश्विनी शर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी वजीर राम सिंह, रा. महा. देहरी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इन स्पर्धाओं के आयोजन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्वाली के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक श्री अजय कुमार एवम् श्री सुशील कुमार का योगदान एवम् निर्देशन प्रशंसनीय था ।

इन स्पर्धाओं के परिणाम इस प्रकार हैं :–

| क्रम स. | स्पर्धा | प्राप्त सम्मान | पुरुष वर्ग | | | महिला वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नाम | कक्षा | अनुक्रमांक | नाम | कक्षा | अनुक्रमांक |
| 1. | 100 मी0 दौड़ | प्रथम | निशांत | बी.कॉम I | 18COM068 | अलका | बी.ए. I | 18HIS038 |
| | | द्वितीय | मोहित | बी.कॉम I | 18COM035 | प्रियंका | बी.कॉम I | 18COM022 |
| | | तृतीय | स्पर्श सम्याल | बी.ए. I | 18POL081 | प्रियंका | बी.ए. I | 18POL050 |
| 2. | 200 मी0 दौड़ | प्रथम | मोहित | बी.कॉम I | 18COM035 | शाहीन | बी.ए. I | 18HIN035 |
| | | द्वितीय | सुशील | बी.कॉम I | 18POL079 | किरणा | बी.ण. I | 18POL065 |
| | | तृतीय | ऋतिक | बी.कॉम I | 18COM070 | दीक्षा | बी.कॉम I | 18COM036 |
| 3. | 400 मी0 दौड़ | प्रथम | शिवम | बी.ए. I | 18POL035 | अलका | बी.ए. I | 18HIS038 |
| | | द्वितीय | सुशील | बी.ए I | 18PO2079 | प्रियंका | बी.ए. I | 18POL031 |
| | | द्वितीय | | | | शाहीन | बी.ए. I | 18HIN035 |
| | | तृतीय | विनोद कुमार | बी.ए I | 18Pol030 | सोनल | बी.ए. I | 18POL014 |
| 4. | (शॉटपुट) गोला फैंक | प्रथम | स्पर्श सम्याल | बी.ए I | 18Pol030 | ऋतिका | बी.ए. I | 18ECO009 |
| | | द्वितीय | मोहित | बी.कॉम I | 18POL081 | अंशिका | बी.ए. I | 18COM029 |
| | | तृतीय | विशाल | बी.कॉम I | 18COM058 | प्रियंका | बी.कॉम I | 18COM022 |
| 5. | भाला फैंक (Javellin Throw) | प्रथम | कार्तिक | बी.ए I | 18POL082 | प्रियंका | बी.कॉम I | 18COM022 |
| | | द्वितीय | सुशील | बी.ए I | 18POL079 | किरणा | बी.ए. I | 18POL065 |
| | | तृतीय | स्पर्श सम्याल | बी.ए I | 18POL081 | अलका | बी.ए. I | 18HIS038 |

## सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2018-19

**वर्ष 2018–19 में खेल प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

(अ) पुरुष वर्ग : मोहित, बी.काम–I, 18 COM035

(आ) महिला वर्ग : प्रियंका, बी. कॉम I, 18 COM022

## 3.3 सांस्कृतिक गतिविधियां (समन्वयक : प्रो. नीरू ठाकुर)

सत्र 2018–19 में आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों एवम् कार्यक्रमों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

### 1 अन्तर-महाविद्यालय प्रतिस्पर्धाएं :-

(क) हि. प्र. वि. वि. शिमला द्वारा 12.9.18 से 15.9.18 तक रा. महा. कोटशेरा शिमला में आयोजित युवा महोत्सव ग्रुप–I में विद्यालय के विद्यार्थी, प्रो. मधुबाला के संरक्षण में सम्मिलित हुए। इसमें आयोजित

(i) भाषण प्रतियोगिता में अमनदीप (18 HIN 003)

(ii) कोलॉज मेकिंग में साहिल (18 POL 003)

(iii) रंगोली प्रतियोगिता में दिशा चौधरी (18 ECO 007) ने भाग लिया।

(ख) 12.9.18 को वजीर राम सिंह रा. महा. देहरी, में आयोजित ''हिन्दी पखवाड़ा'' कार्यक्रम में प्रो. शशि कुमार के संरक्षण में अक्षय कुमार (18 COM 011) ने काव्य पाठ में कामिनी (18 COM 008) ने भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

(ग) हि. प्र. वि. वि. शिमला द्वारा 24.9.18 से 29.9.18 तक राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित युवा महोत्सव ग्रुप–II में विद्यार्थियों ने प्रो. सोनिका एवम् प्रो. सुलक्षण के संरक्षण में भाग लिया। टीम के गौरव (18 COM 057) ने गजल गायन में, रेशमा (18 COM) ने लोक गीत में एवम् नंदिनी व साथियों ने समूहगान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

(ख) 19.12.18 व 20.12.18 को राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में आयोजित दो दिवसीय अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में अमनदीप (18 HIN 003) ने एवम् गजल गायन व लोकगीत गायन प्रतियोगिता में गौरव कुमार (18 COM 057) ने भाग लिया व लोकगीत गायन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

II (1) रा. महा. ज्वाली एवम् ''शशि गुप्ता मैमोरियल ट्रस्ट'' के संयुक्त तत्वाधान से 6.10.18 को एक दिवसीय अन्तर–महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में हि. प्र. के 16 महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने ''कैंसर मुक्त समाज में युवाओं की भूमिका'', ''नशा मुक्त भारत'' व ''स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत'' विषयों पर अपनी विचार प्रस्तुति की। यह कार्यक्रम ठाकुर अर्जुन सिंह माननीय विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

## III (क) इंडकशन प्रोग्राम - चार दिवसीय

12 जुलाई 2018 को (डॉ. एन.एन. शर्मा जी के प्राचार्य पद का कार्यभार संभालने के उपरान्त) प्राचार्य के निर्देशन में सांस्कृतिक परिषद एवम् करियर गाइडेंस एण्ड प्लेसमैंट सैल के समन्वयक प्रो. अश्विनी शर्मा के संचालन में 16.07.18 से 19.07.18 तक चार दिवसीय इंडकशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ इसमें 16.07.18 को प्रातः कालीन सत्र में प्राचार्य डॉ. एन.एन. शर्मा द्वारा "Personality Development and Communication Skill – A Change and Challenge" विषय पर विचार एवम् प्रस्तुति दी गई। सांयकालीन सत्र में प्रो. नीरज कुमार व प्रो. सुलक्षण द्वारा ''राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान'' विषय पर कार्यशाला हुई तथा छात्रों को उच्च शिक्षा में आने वाली चुनौतियों से अवगत करवाया गया।

17 जुलाई 2018 को प्रातः कालीन सत्र में केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के प्रबंधन विभाग की डॉ. मनप्रीत अरोड़ा द्वारा, "Entrepreneurship Development and Young India" विषय पर प्रस्तुति दे छात्रों को सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित किया एवं सांयकालीन सत्र में प्रो. नीरू ठाकुर द्वारा ''राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका "Role of Youth in Nation Building" विषय पर विचार गोष्ठी हुई।

18 जुलाई 2018 को एस.एच.ओ. ज्वाली श्री नीरज राणा प्रातःकालीन सत्र में Drug Addiction : A Treat to Youth (नशे का जहर : युवाओं के लिए कहर) विषय पर एवं सांयकालीन सत्र में प्रो. शशि कुमार द्वारा Present Scenario of Education in India विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया।

19 जुलाई 2018 को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर (हि. प्र.) के अर्थशास्त्र विषय में विभागाध्यक्ष द्वारा ''स्वच्छता अभियान–स्वस्थ भारत की ओर एक कदम'' (Swachta Abhiyan- A Gateway of Healthy India) विषय पर एवम् सांयकालीन सत्र में प्रो. सोनिका ने ''रोजगार निर्माण में अर्थव्यवस्था की भूमिका'' (Role of Economy in Employment Generation) विषय पर व्याख्यान दिया।

सभी सत्रों में विद्यार्थियों ने बढ चढ़ कर भाग लिया एवम् अपने व्यक्तित्व विकास में उसका प्रभाव भी अनुभव किया। यह कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु महत्त्चपूर्ण एवं सफल सिद्ध हुआ। 20.07.18 को माननीय विधायक ठाकुर अर्जुन सिंह जी की उपस्थिति में हवन से शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इसी दिवस पर स्मृति रूप में परिसर में औषधीय गुणों से भरपूर ''जामुन'' का पौधा लगाया गया। इसी कार्यक्रम में प्रथम इंडकशन प्रोग्राम की विस्तृत रिपोर्ट का एवं महाविद्यालय के (Logo) / प्रतीक चिन्ह का विमोचन किया गया। यह प्रतीक चिन्ह ज्वाली के महत्त्चपूर्ण दर्शनीय ऐतिहासिक स्थान **बाथू की लड़ी** के सौन्दर्य, महत्त्च के साथ महाविद्यालय की दृष्टि एवम् उद्देश्यों को भी प्रदर्शित करता है।

**ख (I)** महाविद्यालय में 29.8.18 को रंगोली, स्पाट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों का विवरण एवं परिणाम इस प्रकार है।

### रंगोली

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिशा चौधरी | 18 ECO 007 | प्रथम |
| 2 अंजली | 18 ECO 009 | द्वितीय |
| 3 पूनम | 18 COM 004 | द्वितीय |
| 4 नंदिनी | 18 POL 020 | तृतीय |

### स्पाट पेंटिंग

| | | |
|---|---|---|
| 1 नेहा | 18POL 005 | प्रथम |
| 2 शिल्पा | 18ECO 015 | द्वितीय |

### पोस्टर मेकिंग

| | | |
|---|---|---|
| 1 दीक्षा | 18ECO 008 | प्रथम |
| 2 सोनल | 18POL 014 | द्वितीय |

### कोलाज मेकिंग

| | | |
|---|---|---|
| 1 साहिल | 18POL 003 | प्रथम |
| 2 आशीष | 18POL 047 | द्वितीय |
| 3 अनु धीमान | 18ECO 002 | तृतीय |

(ii) 05.9.18 को **अध्यापक दिवस** पर वाणिज्य एवम् कला विभाग द्वारा महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

(iii) 14.9.18 को **हिन्दी दिवस** पर **काव्य पाठ** का आयोजन हुआ जिसमें

| | | |
|---|---|---|
| 1 नितिश नरयाल | 18HIN 002 | प्रथम |
| 2 अक्षय | 18COM | द्वितीय |
| 3 मोनिका | 18COM 011 | तृतीय |
| 4 निकिता | 18COM023 | तृतीय स्थान पर रहे। |

(iv) 29.9.18 को **"सर्जिकल स्ट्राइक दिवस"** का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त श्री विज कुमार मुख्यातिथि रहे। विद्यार्थियों ने ग्रीटिंग कार्ड बना कर अपने मन के उद्गार

संदेश रूप में उन्हें भेंट किए। इस दिवस पर श्री विजय कुमार जी ने देशभक्ति से ओत–प्रोत भावों से अपने निजी अनुभव विद्यार्थियों के साथ सांझा किए और उन्हें देश के प्रति समर्पित उनके कर्त्तव्यों का बोध कराया।

(v) 31 अक्तूबर 2018 को महाविद्यालय में **''राष्ट्रीय एकता दिवस''** पर विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात् **''रन फॉर यूनिटी''** में भागीदारी हुई। इसमें विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से लब ज्वाली होते हुए ज्वाली विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। यहां विद्यार्थियों ने **लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल** के जन्मदिवस पर माननीय विधायक ठाकुर अर्जुन सिंह जी एवम् स्थानीय निवासियों के साथ मिल कर **(Statue of Unity)** ''स्टेच्यू ऑफ यूनिटी'' के अनावरण का समाचार सुना और **''एक भारत श्रेष्ठ भारत''** के लिए अपना संकल्प दोहराया।

(vi) 26 नवंबर 2018 को आयोजित **''संविधान दिवस''** पर विद्यार्थियों एवम् शिक्षकों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। प्रो. सोनिका द्वारा ''भारतीय संविधान'' का संक्षिप्त इतिहास, मौलिक अधिकार एवम् कर्त्तव्य विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

महाविद्यालय **बेवसाइट –www.gdcjawali.in** नाम से महाविद्यालय ने तीन माह के अन्दर ही बेवसाइट का निर्माण कर दिया गया। जिससे केवल छात्रों को ही नहीं, अपितु समस्त विश्व हमारे महाविद्यालय की गतिविधियों को देख सके और महाविद्यालय के विकास हेतु सहायक हो। इस बेवसाइट का प्रक्षेपण माननीय विधायक श्री अर्जुन ठाकुर जी के कर कमलों द्वारा महाविद्यालय परिवार, प्रदेश के 16 महाविद्यालयों के प्राध्यापकों, प्रतिभागियों, प्राचार्यों, पी.टी.ए., ज्वाली प्रशासन तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यह हमारे महाविद्यालय के समस्त परिवार सदस्यों, प्राध्यापकों, छात्रों, गैर शिक्षक कर्मचारियों की दूरदर्शी सोच का परिणाम अथवा प्रमाण है। इसके रखरखाव का दायित्व महाविद्यालय की प्राध्यापिका सुश्री मधुवाला को दिया गया है।

## 3.5 महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ

सत्र 2018–19 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ (सी.एस.सी.ए.) का गठन विद्यार्थी की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर हुआ। नवगठित केन्द्रीय छात्र–संघ सदस्यों की सूची इस प्रकार है :–

- प्रधान — अक्षय कुमार — बी.कॉम 1 — 18COM011
- उपप्रधान — दीक्षा कुमार — बी.ए. 1 — 18ECO008
- सचिव — विश्व सिंह — बी.कॉम 1 — 18COM018
- संयुक्त सचिव — प्रिया कौंडल — बी.ए. 1 — 18HIN021
- कक्षा प्रतिनिधि — 1 निकिता — बी.कॉम 1 — 18COM023

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 2 विशाल मनकोटिया | बी.ए. 1 | 18HIS 058 |
| | 3 बन्दना | बी.ए. 1 | 18POL 015 |
| 1 सांस्कृतिक समिति | 1 गौरव | बी.कॉम 1 | 18COM 057 |
| | 2 दिशा धीमान | बी.ए. 1 | 18ECO 007 |
| 2 क्रीड़ा क्षेत्र | 1 शिवानी | बी.ए. 1 | 18POL 054 |
| | 2 साहिल | बी.ए. 1 | 18POL 003 |
| 3 क्लब / सोसाइटी | 1 कामिनी | बी.कॉम 1 | 18COM 008 |
| | 2 अमनदीप | बी.ए. 1 | 18HIN 003 |

महाविद्यालय की प्रथम केन्द्रीय छात्र संघ (सी.एस.सी.ए.) का शपथ ग्रहण समारोह 06.10.18 को आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.एन. शर्मा ने नव मनोनीत सदस्यों को पद एवम् गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

केन्द्रीय छात्र संघ का प्रथम वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "तरन्नुम–2018" द्वारा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हो रही हैं जिसका आनन्द आप सब ले रहे हैं।

## 3.6 अभिभावक शिक्षक संघ

महाविद्यालय में सत्र 2018–19 के अभिभावक शिक्षक संघ (पी.टी.ए.) की आम सभा का आयोजन दिनांक 11.08.2018 अभिभावक शिक्षक संघ कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसके सदस्य निम्न हैं:–

- संरक्षक – प्राचार्य डॉ. एन.एन. शर्मा
- प्रधान – श्री कुलदीप सिंह
- उपप्रधान – श्रीमीत बिंता देवी
- सचिव – प्रो. सुलक्षण कुमार
- संयुक्त सचिव – श्री सुभाष कुमार
- कोषाध्यक्ष – श्री नवदीप कुमार (अधीक्षक) वरिष्ठ सहायक
- मुख्य सलाहकार – श्री हुक्म चन्द
- मनोनीत सदस्य – श्री सुरेन्द्र सिंह
- – श्रीमती गुलशन कुमारी

| | | |
|---|---|---|
| | – | श्री समीर गौतम |
| | – | श्रीमती सुषमा देवी |
| | – | श्री कुलवन्त सिंह |
| | – | महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक |
| इस वर्ष पी.टी.ए. फंड में जमा राशि | = | ₹ 1,66,800 / – |
| खर्च | = | ₹ 87,641 / – |
| शेष | = | ₹ 79,159 / – |

महाविद्यालय पी.टी.ए. का आभारी है जो यथा समय हमारी समस्याओं के समाधान में सदैव सहायक रहे हैं। इस वर्ष विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ही पी.टी.ए. फंड से राशि खर्च की गई है जिसका पूर्व संस्तुति तथा अनुमोदन प्राप्त किया जाता है।

## 3.7 वार्षिक पत्रिका ''यवांकुर''

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'यवांकुर' विद्यार्थियों में सृजनात्मक लेखन प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आरंभ की गई है।

'यवांकर' को RNI से पंजीकृत करवाने का कार्य प्रगति पर है। पत्रिका को मूर्त रूप प्रदान करने वाले सम्पादक मंडल का परिचय इस प्रकार है :–

| क्र. सं. | विभाग | शिक्षक सम्पादक | विद्यार्थी सम्पादक |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी एवं मुख्य संपादक | प्रो. नीरू ठाकुर | अमनदीप 18HIN003 |
| 2 | अंग्रेजी | प्रो. अश्विनी शर्मा | नितिश नरयाल 18HIN019 |
| 3 | पहाड़ी | प्रो. सुलक्षण कुमार | अमित 18HIN015 |
| 4 | प्लैनिंग फोरम | प्रो. सोनिका | अंजली |
| | | प्रो. शशि कुमार | सोनिका 18COM010 |
| 5 | पर्यावरण | प्रो. नीरज कुमार | आशीष 18POL047 |

प्रकाशनाधीन प्रक्रिया में 'यवांकुर' का प्रथम संस्करण शीघ्र ही पाठकों तक पहुंचेगा।

## ''यवांकुर'' नाम चयन के पीछे की भूमिका :

यह महाविद्यालय ज्वाली क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अंकुर रूप में उदित हुआ है, इस क्षेत्र का पुराना नाम ''ज्वांवाला शहर'' था जहां जौ की उपज अधिकाय थी उसी ''जौ'' को ''यव'' भी कहा जाता है और उसी के महत्व को दर्शाता यह नाम (यव+अंकुर = यवांकुर ) है।

## 3.8 पुस्तकालय एवम् वाचनालय

किसी भी शिक्षण संस्थान की गरिमा हेतु पुस्तकालय एवम् वाचनालय विशिष्ट भूमिका निभाते हैं। राजकीय महाविद्यालय ज्वाली, नवोदित संस्थान है। अतः अभी अपना पुस्तकालय न होने के कारण विद्यार्थी इस परिसर में उपलब्ध सार्वजनिक पुस्तकालय का उपयोग कर रहे हैं। महाविद्यालय में पुस्तकालय के लिए कक्ष उपलब्ध है एवम् उच्च शिक्षा निदेशालय, शिमला से नवम्बर, 2018 में हुए पत्र व्यवहार में कक्ष में फर्नीचर के लिए ₹ 2,03,334/– एवम् पुस्तकों के लिए ₹ 1,97,464/– का मांग पत्र, पूर्ण ब्यौरे के साथ भिजवाया जा चुका है। महाविद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष (Librarian) का एक पद सृजित है जो अभी रिक्त चल रहा है। वाचनालय में, वर्तमान में प्रो. सोनिका (अर्थशास्त्र) की देख–रेख में रोजाना तीन समाचार पत्र विद्यार्थियों को पठन के लिए उपलब्ध होते हैं।

इसके अतिरिक्त सभी शिक्षक अपने निजी पुस्तकालय से, जो भी विषय के संदर्भ में आवश्यक पुस्तकें चाहिए हों, विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाते हैं।

## 3.9 करियर गाइडेंस एवम् प्लेसमेंट सैल

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं को सुलझाने के उद्देश्य से प्राचार्य द्वारा 15 जुलाई 2018 को गाइडेंस एण्ड काउंसलिंग सैल की स्थापना की गई। यह सैल प्राचार्य डॉ. एन.एन. शर्मा, प्रो. अश्विनी शर्मा एवं अन्य प्राध्यापकों के निर्देशन में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है।

- सैल द्वारा सत्र आरम्भ में 16.08.18 से 19.08.18 चार दिन का Induction Program आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण, रूसा एवम् वि.वि. प्रणाली की जानकारी, विषय चयन का परामर्श, लक्ष्य निर्धारण और उसकी प्राप्ति में स्वयं पर विश्वास एवम् नशामुक्त समाज जैसी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन चार दिनों में प्राचार्य, सभी विषय के प्राध्यापकों के साथ–साथ अन्य संस्थानों से आए विशेषज्ञों के विचारों से विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इसमें राजकीय महाविद्यालयों अथवा केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विदों द्वारा छात्रों से अनुभव सांझा किए गए।
- महाविद्यालय में 7.9.18 एवम् 8.9.18 दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 07.9.18 को अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ डॉ. नरेश कुमार शर्मा रा. महा. धर्मशाला से विद्यार्थियों को ''अंग्रेजी भाषा और उसे सीखने का कौशल' (English Language and Learning Skill) विषय पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान किया।
- 08.9.18 को 'गुंजन' स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों एवम् स्थानीय पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान से 'नशा मुक्त समाज में युवाओं की भूमिका' विषय पर दृश्य–श्रव्य माध्यम से हुए व्याख्यान में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम और उनसे बचाव के बारे में अवगत करवाया गया। व्याख्यान उपरांत

इसी दिन विद्यार्थियों द्वारा ज्वाली बाजार से एस.डी.एम. ऑफिस तक रैली का आयोजन भी किया गया।

- हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चयनित 25 महाविद्यालयों में से महाविद्यालय ज्वाली को भी "इंग्लिश स्पीकिंग स्किल कोर्स" के लिए चुना गया। इस कोर्स के लिए 65 विद्यार्थियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने शिक्षा निदेशक हिमाचल प्रदेश की इस कार्यक्रम के प्रारंभ हेतु शीघ्र राशि जारी करने हेतु निवेदन किया गया है।

## 3.10 राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) (समन्वयक : प्रो. सुलक्षण कुमार)

महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्राप्त करने के लिए हि. प्र. वि. एवम् संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आदेश प्राप्ति उपरान्त यह इकाई विधिवत रूप से कार्य करेगी। वर्तमान में इस महाविद्यालय के विद्यार्थी स्वयंसेवकों की भूमिका में स्वच्छता अभियान एवम् अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में प्रो. सुलक्षण कुमार के नेतृत्व में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

## 3.11 राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) (समन्वयक : प्रो. शशि कुमार)

राजकीय महाविद्यालय ज्वाली में वर्तमान में एन.सी.सी. की इकाई के लिए आवेदन कमांडैंट एन.सी.सी. डलहौजी, चम्बा (हि.प्र.), को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति प्राप्त होते ही यह इकाई कार्य करना आरंभ कर देगी।

## 3.12 रेड रिबन क्लब (समन्वयक : प्रो. सोनिका)

सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की इकाई का गठन हुआ। यह इकाई नोडल ऑफिसर प्रो. सोनिका के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रही है। इस वर्ष 65 विद्यार्थी रेड रिबन क्लब में सम्मिलित हुए।

- 01.12.2018 को विश्व एड्स दिवस पर स्थानीय हेल्थ सैंटर ज्वाली के सम्वेत प्रयास से पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की समस्याओं का, जिज्ञासा का उचित समाधान उपस्थित चिकित्सकों द्वारा किया गया। ज्वाली चिकित्सालय से डॉ. प्रीति पराशर, श्रीमति वीना शर्मा व इंद्रजीत शर्मा ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति केन्द्र की जानकारी भी प्रदान की।

इस वर्ष रेड रिबन क्लब के सर्वश्रेष्ठ पियर एडुकेट्स हैं :–

(1) रितिका राणा (18ECO029) (2) मुस्ताक (18COM063)

## 3.13 रोड सेफ्टी क्लब (प्रो. शशि कुमार)

महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा एवम् यातायात के नियमों की जानकारी देने के साथ उन्हें जीवन में उसके पालन करने की शपथ दिलाना भी है।

यह क्लब प्रो. शशि कुमार के निर्देशन में कार्य कर रहा है। इस वर्ष क्लब में 50 विद्यार्थी भागीदार हुए। क्लब

के कामिनी (18COM008) सचिव, अभिषेक (18COM47) सह सचिव है।

क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन स्थानीय पुलिस एवम् यातायात विभाग से मिल कर किया गया। इस दिशा में महाविद्यालय ने उन छात्रों को ही दोपहिया वाहन के पार्किंग पास दिए है जिनके पास वाहन के उचित दस्तावेज है। 'No Helmet No Entry' अभियान भी आरंभ करने की योजना है।

## 3.14 पर्यावरण क्लब (प्रो. नीरज कुमार- प्रभारी इंचार्ज)

महाविद्यालय में पर्यावरण क्लब के प्रभारी प्रो. नीरज कुमार हैं। इस सत्र में 55 विद्यार्थी क्लब में सदस्य बने। 28.08.18 को परिसर स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई, भूमि को समतल करना, फूलदार पौध रोपण कार्य में क्लब के सदस्यों ने स्वयंसेवियों के साथ भागीदारी की।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रधान | : | साहिल | 18POL003 |
| उप प्रधान | : | नितिश नरयाल | 18HIN019 |
| सचिव | : | आशीष | 18POL047 |
| संयुक्त सचिव | : | अमनदीप | 18HIN003 |

02.10.18 से 05.10.18 स्वच्छता पखवाड़ा मनाते हुए विद्यार्थियों ने परिसर के सौन्दर्यीकरण के साथ–साथ पहुंच मार्ग को समतल करने का कार्य किया।

31.10.18 ''रन फॉर यूनिटी'' में क्लब के सदस्यों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एकता की शपथ दिलाई एवम् महाविद्यालय का रैली में नेतृत्व किया।

21.12.18 वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व स्थानीय मैदान मकड़ान की भूमि को समतल करना, साफ–सफाई एवम् खेल के लिए मैदान तैयार करने की अहम भूमिका में इको क्लब के सभी सदस्य सराहना के पात्र हैं।

## 3.15 वाणिज्य सोसाइटी/परिषद् (समन्वयक : प्रो. शशि कुमार, प्रो. मधु)

महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद में, वाणिज्य विषय के सभी विद्यार्थी सदस्य हैं, जबकि प्रो. शशि कुमार एवम् प्रो. मधु संयुक्त रूप से समन्वयक हैं। उपप्रधान अक्षय कुमार 18COM011 , सचिव रेशमा, संयुक्त सचिव निकिता 18COM023 एवं प्रियंका चौधरी कोषाध्यक्ष है।

परिषद द्वारा समय–समय पर विषय संबंधित प्रासंगिक मुद्दों पर सेमीनार आयोजित हुए जिनका ब्यौरा इस प्रकार है :–

10/8/18 Basics of Accounting : Concepts & Convensions

28/8/18 Measures of Central Tendency

Nov./18 Negotiable Instruments Act 1881

### 3.16 साहित्यिक परिषद्

महाविद्यालय में अंग्रेजी एवम् हिन्दी भाषा के विद्यार्थी साहित्यिक परिषद् के सदस्य हैं। इस परिषद् में प्रो. नीरू ठाकुर (हिन्दी) एवम् प्रो. अश्विनी शर्मा (अंग्रेजी) संयुक्त रूप से समन्वयक हैं।

परिषद् में अमनदीप 18HIN003 उपप्रधान, आरती भारद्वाज 18HIN003 सचिव, प्रियंका 18HIN010 संयुक्त सचिव, निखिल 18HIN025 कोषाध्यक्ष हैं।

परिषद् के द्वारा महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के अतिरिक्त हिन्दी दिवस 14.09.18 को भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### 3.17 समाज विज्ञान परिषद

महाविद्यालय में समाज विज्ञान परिषद् में इतिहास, अर्थशास्त्र एवम्, राजनीति शास्त्र के विद्यार्थी सदस्य हैं। विषय इतिहास की परिषद के प्रधान प्रो. सुलक्षण कुमार है। जबकि आकृति उपप्रधान, अलका सचिव, निशा संयुक्त सचिव, प्रिया कोषाध्यक्ष है। विषय अर्थशास्त्र की परिषद की प्रधान प्रो. सोनिका है जबकि दीक्षा कुमारी 18ECO008 उपप्रधान, दिशा धीमान 18ECO007 सचिव, शिल्पा 18ECO015 संयुक्त सचिव, अनु धीमान 18ECO002 कोषाध्यक्ष है। विषय राजनीति शास्त्र की परिषद के प्रधान प्रो. नीरज कुमार है, जबकि पूनम धीमान 18POL001 उपप्रधान, साहिल 18POL003 सचिव, सोनल 18POL 014 संयुक्त सचिव, अभिषेक कोषाध्यक्ष हैं। सभी विषय परिषदों द्वारा अपने विषय पर समय समय पर विभिन्न सेमिनार आयोजित किए गए जिनका ब्यौरा इस प्रकार हैः–

- इतिहास विषय में 31.08.18 ''हड़प्पा सभ्यता'', 25.09.18 ''चौल वंश'', 8.10.18 ''गुप्तकाल : स्वर्ण युग'' एवम् 22.10.18 ''हर्षवर्धन का शासनकाल'' विषयों पर चार गोष्ठियां आयोजित हुई।
- राजनीति शास्त्र विषय में 9.9.18 ''धारा 370 के अनुसार'' 27.9.18 ''मतदान के महत्व'' एवं नए मतदाताओं को मत पत्र प्राप्त करने की जानकारी प्रदान की। 2.10.18 ''संसद की कारवाई, विषय पर सेमीनार हुए
- अर्थशास्त्र में 3.10.2018 ''मांग पूति' एवम् बाजार संतुलन''

### 3.18 इक्विटी इनिशिएटिव कार्यक्रम

इस वर्ष महाविद्यालय में इक्विटी इनिशिएटव कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षणिक दृष्टि से कमजोर एवम् जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया गया। वे विद्यार्थी जो पुस्तकें खरीदने के लिए आर्थिक मदद चाहते थे अध्यापकों द्वारा निजी पुस्तकालय से उनकी सहायता की गई।

### 3.19 रैगिंग विरोधी समिति (समन्वयकः प्रो. अश्विनी शर्मा)

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार महाविद्यालय परिसर में पूर्णतः रैगिंग मुक्त वातावरण निर्माण के

लिए रैगिंग विरोधी समिति प्रभावशाली ढंग से कार्य कर रही है। रैगिंग विरोधी समिति की सतर्कता के कारण सत्र 2018–19 में कोई भी समस्या संज्ञान में नहीं आई। महाविद्यालय 'रैगिंग मुक्त परिसर हेतु वचनबद्ध तथा संकल्प बद्ध है।

## 3.20 महिला शिकायत निवारण समिति (समन्वयक : प्रो. नीरू)

हिमाचल प्रदेश सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समिति कार्यरत है। समिति समय–समय पर महाविद्यालय में छात्राओं एवं महाविद्यालय में कार्यरत महिला कर्मियों की सुरक्षा संबंधी विषयों पर विचार विमर्श करती है। इस वर्ष कोई भी शिकायत महिला शिकायत निवारण समिति के संज्ञान में नहीं आई है।

## 4.0 व्यक्तिगत उपलब्धियां 2018–19

★ **प्राचार्य, डॉ. एन.एन. शर्मा**

(1) हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में उच्च शैक्षणिक पद डीन अकादमी के रूप में 4 वर्ष कार्य कर महाविद्यालय के प्रथम प्राचार्य के रूप में पद ग्रहण किया।

(2) भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा प्रायोजित कार्यशाला की अध्यक्षता के साथ रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाई।

(3) हिमाचल फार्मेसी महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य वक्ता की भूमिका निभाते हुए फार्मेसी उत्पादों के विपणन पर व्याख्यान दिया।

(4) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के प्रबन्धन विभाग द्वारा आयोजित शोध प्रक्रिया एवम् प्रबन्ध विषय पर व्याखान दिया तथा सत्र की अध्यक्षता की।

(5) राज्य शिक्षा परिषद हिमाचल प्रदेश सोलन द्वारा आयोजित प्राचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया।

(6) सनातन धर्म महाविद्यालय होशियारपुर (पंजाब) द्वारा प्रबन्ध, वाणिजय तथा अर्थशास्त्र के बदलते स्वरूप विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार की अध्यक्षता की तथा मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

(7) रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय द्वारा द्रौणाचार्य महाविद्यालय रैत में अन्तर्विद्यालय प्रतियोगिता की अध्यक्षता की तथा शिक्षा के बदलते परिवेश पर व्याख्यान दिया।

(8) हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद् का विशेषज्ञ सदस्य के रूप में मनोनीत हुए।

(9) रोटरी क्लब धर्मशाला द्वारा समाज सेवा हेतु अनुकरणीय योगदान द्वारा सम्मानित किया गया।

(10) भारतीय वाणिज्य एवं प्रबंध संस्थान तथा सेन्स मलेशिया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में पनाँग मलेशिया में भाग लिया तथा भारतीय पर्यटन के बदलते परिवेश पर व्याख्यान दिया तथा सत्र की अध्यक्षता भी की।

★ **श्रीमति नीरू ठाकुर (सह आचार्य)** ने गौतम महाविद्यालय हमीरपुर में 11 नवंबर 2018 को आयोजित ''सबल भारत'' की एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय की ओर से भाग लिया।

★ **श्री नीरज कुमार (सहायक आचार्य)** राजनीति शास्त्र ने जम्मू विश्वविद्यालय से ''मानवाधिकार विषय'' पर आयोजित 21 दिवसीय पुनरचर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स) में 19.11.18 से 10.12.18 तक में, सफल भाग लिया।

★ **श्री शशि कुमार (सहायक आचार्य, वाणिज्य)** ने जम्मू विश्वविद्यालय से ''मानवाधिकार विषय''पर आयोजित 21 दिवसीय पुनष्चर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स में 19.11.18 से 12.12. 18 तक, में सफल भाग लिया।

- 01.10.2018 को रा. महा. जुखाला (बिलासपुर) में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में "Corporate Social Responsibility : An overview of NHPC विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 31.10.18 को एसडी कॉलेज, नवांशहर (पंजाब) में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में GST- an overview" विषय पर अपनी प्रस्तुति दर्ज करवाई।

★ **श्री सुलक्षण कुमार (सहायक आचार्य इतिहास)**

(क) गौतम महाविद्यालय हमीरपुर में 11.11.18 को आयोजित ''सबल भारत'' की एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

(ख) रा. महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में प्राचार्य एन.एन. शर्मा एवं पी.टी.ए. प्रधान श्री कुलदीप सिंह के साथ भाग लिया।

★ **सुश्री मधुवाला (सहायक आचार्य वाणिज्य)**

- 1.10.18 को रा. महा. जुखाला में "Progression for Brillance in Commerce, Management and Economics" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "FINANCIAL Inclusion: A case study of Households in District Kangra (H.P.)" में भाग लिया।
- 29.10.18 को HP SET, वाणिज्य विषय में उत्तीर्ण किया।
- 31.10.18 को सनातन धर्म महाविद्यालय, होशियारपुर (पंजाब) में विषय "Emerging

Trends in Commerce, Management & Economics" पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "Digital Marketing" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

- 22.12.18 को राष्ट्रीय सेमिनार में Digital Marketing: Opportunities and Challenges" विषय पर अपनी प्रस्तुति दी।
- दिसम्बर 2018 के IJMTE JOURNAL, VOLUME 8 & ISSUE XII में "Financial Inclusion in Himachal Pradesh : A Case Study of House holds in District Kangra" विषय पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

## 5.1 विशेष छात्रवृत्तियां

(1) **श्री जे.एन. शर्मा मैमोरियल पुरस्कार** (प्रायोजकः डॉ. एन.एन. शर्मा)

महाविद्यालय प्राचार्य श्री एन.एन. शर्मा द्वारा **"बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ"** मुहिम के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्रथम प्रवेश प्राप्त करने वाली पहली छात्रा साक्षी सपहिया को ₹ 2000/– की नकद राशि एवम् स्मृति चिन्ह प्रदान कर रहे हैं।

(2.) **श्री सुखपाल सिंह मनहास मैमोरियल पुरस्कार** ( प्रायोजक : प्रो. नीरू ठाकुर)

महाविद्यालय में शैक्षणिक एवम् सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को ₹ 2500/– का नकद पुरस्कार एवम् स्मृति चिन्ह दिया जा रहा है। इस वर्ष यह विद्यार्थी शिल्पा देवी बी.ए I 18ECO0015 है।

## 5.2 महाविद्यालय निर्माण में स्वैच्छिक योगदान के लिए आभार :

1 हमारे लोकप्रिय माननीय विधायक श्री अर्जुन सिंह ठाकुर जी का योगदान एवम् हिमाचल सरकार द्वारा की गई घोषणा का ही परिणाम है कि आज हम इस मंच पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए एकत्र हुए हैं। यही नहीं माननीय विधायक श्री अर्जुन सिंह हमें समय–समय पर मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं और 20.07.18 को महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र के आरम्भ पर आयोजित हवन दिवस पर विधायक निधि से दस लाख रुपए की घोषणा की थी। इनमें से प्रथम किस्त ₹ 5,77,172/- की प्राप्त हुई है। इससे एच.पी.इ.डी.सी. शिमला के सहयोग से स्मार्ट क्लास रूम व कम्प्यूटर लैब, मल्टीमीडिया प्रोजैक्टर सहित बन कर तैयार है। जिसका उद्घाटन आज माननीय विधायक जी के कर कमलों से हुआ है।

## 6.0 महाविद्यालय में अपनी स्वैच्छा से दान करने वाले सज्जन :-

1. डॉ एन.एन. शर्मा (प्राचार्य) ने अपने पिता स्वर्गीय श्री जे.एन. शर्मा जी की मधुर स्मृति में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ₹ 30,000/- का वाटर कूलर लगवाया।
2. कल्याणी पब्लिकेशनस, लुधियाना द्वारा ओवन दान दिया गया।

3 महाविद्यालय के स्टाफ के लिए लगभग ₹ 25,000/- की आठ कुर्सियां, सुपर स्टील इंडस्ट्रीज जसूर द्वारा दान दी गई।

4 ग्राम नेरना के मन्हास परिवार से ठाकुर भानु प्रताप सिंह मनहास (शिव शक्ति हार्ड वेयर स्टोर के मालिक), श्रीमती नरेश कुमारी एवम् कुवंर ओजस मन्हास द्वारा, स्वर्गीय श्री जगरूप सिंह मन्हास एवम् स्वर्गीय श्री सुखपाल सिंह मन्हास की मधुर स्मृति में चार ग्रीन बोर्ड (₹ 32,568/-) विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लगवाए।

## 6.1 निर्माण कार्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | रख रखाव रंग रोगन एवम् शौचालय (छात्र) निर्माण के लिए | अगस्त माह 8/18 2,50,000/– प्राप्त उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा | नियमानुसार व्यय किया गया उपभोग प्रमाण पत्र विवरण सहित भिजवाया गया |
| 2 | **फर्नीचर**<br>(i) विद्यार्थियों के लिए<br>(ii) ऑफिस के लिए | <br>₹ 2,50,000/- प्राप्त<br>₹ 1,00.000 | <br>नियमानुसार पूरा व्यय किया गया।<br>पूरा व्यय किया गया। |
| 3 | 10 कम्प्यूटर<br>10 यूपीएस<br>3 प्रिंटर | 11/18 में ₹ 2, 29,030 (तीन) व 01/19 में ₹3,69,360 (सात) प्राप्त हुए | इलैक्ट्रॉनिक कारपोरेशन शिमला के खाते में ट्रांस्फर एवं सामान उलब्ध |

## आभार :

मैं मुख्यातिथि महोदय का हार्दिक धन्यवाद करता हूं जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं से हमारे लिए समय निकाला और सदैव हमारा मार्गदर्शन किया जिसका वर्णन शब्दों में करना असंभव है।

मैं हि.प्र.वि.वि. के कुलपति डॉ. सिकन्दर कुमार का विशेष आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्परता दिखाई। हि.प्र.वि.वि. के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जे.सी नेगी जी का आभार कि उन्होंने हमें परीक्षा केन्द्र दिलवाने एवम् अन्य परीक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान किया।

- शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा जी का विशेष आभार कि निदेशालय से हमने जब भी किसी कार्य के लिए पत्र व्यवहार किया या सहायता की अपेक्षा की तो वह कार्य शीघ्रतापूर्वक किया जाने का निर्देश संबंधित कार्यालयों को मिला।

- रा. वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्राचार्य श्री सुरेश शर्मा जी का विशेष आभार कि उन्होंने न केवल हमें व हमारे विद्यार्थियों को अपना भवन दिया बल्कि समयानुसार आवश्यकता पड़ने पर अपने विद्यालय से सामान व अपनी सेवाओं के साथ प्रस्तुत रहे एक परिवार के सदस्य की भांति।
- स्थानीय पुलिस प्रशासन का विशेष आभार समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मिलित करने उनका मार्गदर्शन करने के लिए एवम् एस.एच.ओ. श्री नीरज राणा जी का जिन्होंने इंडकशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।
- उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ज्वाली का विशेष आभार जिन्होंने न केवल कानून व्यवस्था में वरन् विभिन्न कार्यक्रमों में हमारा मार्गदर्शन किया।
- तहसीलदार श्री जोगिन्दर पटियाल जी का भी विशेष धन्यवाद जिन्होंने हमारे कार्यों को व नए भवन के लिए भूमि चयन का कार्य देखने व मार्गदर्शन में हमारी सहायता की।
- पीटीए कार्यकारिणी का विशेष कर प्रधान श्री कुलदीप सिंह जी का भी विशेष आभार जो सदैव महाविद्यालय के सृजनात्मक कार्यों में सहायक होने को तत्पर रहते हैं। सभी सदस्यों का हार्दिक आभार।
- लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, जल एवम् सिंचाई आपूर्ति, विद्युत विभाग, स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन का उनके यथा समय सहयोग के लिए धन्यवाद करता हूं।
- जन संचार माध्यम से आये विभिन्न मीडिया प्रभारियों का विशेष धन्यवाद जिन्होंने समय–समय पर हमारी उपलब्धियों एवम् गतिविधियों को जन साधारण एवम् प्रशासन तक पहुंचाने में हमारी सहायता की।
- महाविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग का हार्दिक धन्यवाद जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

अन्त में मुख्यातिथि का समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः धन्यवाद एवम् आशा कि भविष्य में भी आपका स्नेह व आशीर्वाद हमें प्राप्त होता रहेगा।

जय हिन्द

द्वारा

डॉ. एन.एन. शर्मा
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय ज्वाली
ज़िला कांगड़ा (हि. प्र.)।



उठो जागो और तब तक मत रूको
जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए

-स्वामी विवेकानन्द

Imperial, D/sala @ 222390